## एक नजर में

### विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक 5 को

**नीमच।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन नीमच की प्रति माह होने वाली मासिक बैठक का आयोजन 5 नवंबर 2025 को 33/11 केवी सब स्टेशन मुक्तिधाम किया जाएगा । उपरोक्त विषय में जानकारी देते हुए शाखा जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर बैरागी एवं उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल तथा सचिव सूरजमल आर्य द्वारा बताया गया कि मासिक बैठक में माह नवंबर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा प्रत्येक पेंशनर को नवंबर माह में जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होता है इसके लिए पेंशनर संघ द्वारा कार्यालय में ही जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु एक कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की गई है जो आपका जीवित प्रमाण पत्र बनाएगा, साथ ही मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स सहकारी साख संस्था नीमच के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं संचालक गणों का सम्मान भी किया जाएगा।

### कलेक्टोरेट में सामूहिक राष्ट्रगान एवं वन्दे मातरम का गायन



**नीमच।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में सोमवार को सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम का गायन किया गया। राष्ट्रगॉन म.प्र.गान एवं वन्देमातरम का गायन ए.डी.एम बी.एस.क़लेश ,डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिंह धार्वे तथा जिला अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर कलेक्टोरेट भवन स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन, वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया। तदपश्चात नवंबर माह में शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टोरेट, राजस्व, भू-अभिलेख, श्रम, सहकारिता विभाग, शिक्षा, कोषालय, जनसम्पर्क कार्यालय, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड के चेयरमेन पालीवाल नीमच आएंगे

**नीमच।** गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड गुजरात के चेयरमेन, श्री हिमांजय पालीवाल 5 नवम्बर को शाम 4 बजे उज्जैन से प्रस्थान कर, शाम 7 बजे जीरन आएंगे। वे 7 नवम्बर 2025 को प्रात:8 बजे जीरन से कार द्वारा गांधी नगर गुजरात के लिए प्रस्थान करेंगे।

### टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना का लाभ पाकर खुश है दुर्गाशंकर

**नीमच।** टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 80 हजार रूपये का ऋण प्राप्त कर, किराने की दुकान संचालित कर, मनोहरपुरा निवासी दुर्गाशंकर पिता छितर को हर माह 8 हजार रूपये आमदनी हो रही है। दुर्गाशंकर को जब टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के बारे में पता चला, तो उसने जिला जनजातिय कार्य विभाग कार्यालय नीमच से सम्पर्क कर, उक्त योजना के तहत ऋण आवेदन किया। दुर्गाशंकर को 2 नवम्बर 2023 को भारतीय स्टेट बैंक सिंगोली शाखा से टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 80 हजार रूपये का ऋण मिला। इससे उसने किराना दुकान की सामग्री क्रय कर, दुकान प्रारम्भ की। अब दुर्गाशंकर को प्रतिमाह 8 हजार रूपये की आमदनी हो रही हैं। वह अपने परिवार का भरण पोषण भी अच्छे से कर रहा हैं। दुर्गाशंकर इसके लिए म.प्र.सरकार को धन्यवाद दे रहा हैं।

### सिंधी समाज का अपमान करने के विरोध में आक्रोशित सभा आज

**नीमच।** सिंधी समाज के ईष्ट वरुणदेव भगवान श्री झूलेलाल जी एवं संपूर्ण सिंधी समाज का अपमान करने का अपराध करने वाले छत्तीसगढ़ के सत्ता में मदमस्त, बुद्धिहीन, हिंदू समाज में विद्वेष फैलाने वाले हठधर्मी नेता 'अमित बघेल' के विरोध में सम्पूर्ण भारत के सिंधी समाज में उत्पन्न रोष और आक्रोश के चलते पूज्य सिंधी पंचायत नीमच के तत्वावधान में स्थानीय संपूर्ण सिंधी समाज आज मंगलवार, दिनांक 4 नवंबर 2025 को सायं 5:30 बजे सिंधी कॉलोनी स्थित अमर शहीद श्री हेमू कालानी चौराहे पर सामूहिक होकर विरोध स्वरूप अपना आक्रोश प्रदर्शन करेगा।

### खरतरगच्छ समाज की पारिवारिक पुस्तिका का हुआ विमोचन



**मन्दसौर।** खरतरगच्छ समाज की पारिवारिक पुस्तिका का विमोचन प.पू. साध्वी विमलप्रभाश्रीजी, अमितगुणाश्रीजी एवं श्रेयनंदिता श्रीजी म.सा. के द्वारा नयापुरा आदिनाथ जैन मंदिर पर किया गया। पुस्तिका के विमोचन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्रीसंघ सर्वश्री दिलीप लोढ़ा, अभय पोखरना, अशोक मारु नाकोड़ा पेपर, अभय चोरडिया, अरविन्द बोथरा, यशवंत पोखरना, पूनमचंद भंडारी, अनिल लोढा, अभय डोसी, अजीत लोढा, दीपक सकलेचा, अनिल बरडिया, कमल कोठारी व पंकज डोसी उपस्थित थे। कमल कोठारी ने बताया की यह पारिवारिक विवरणिका समाजजनों को आपसी सम्बन्ध को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगी एवं समाज को जोड़े रखने मे सेतु का कार्य करेंगी तथा आपसी संवाद एवं पारिवारिक जानकारी सांझा करने मे भी सहायक होंगी। डिजिटल युग को देखते हुए यह पुस्तिका समाज मे परस्पर आपसी सहयोग मिलनसारिता एवं एक दूसरे से सम्बन्ध को स्थापित करने मे संजीवता का कार्य करेंगी। इस अवसर पर प्रदीप चंडावला, अनिल मुरडिया, मनोज मेहता, राजेन्द्र धारीवाल, श्याम छाजेड़, शिखर धारीवाल, मनोज राठौर आदि समाज जन उपस्थित थे।

### सीसीटीवी. इंस्टालेशन एवं रिपेयरिंग की नि:शुल्क ट्रेनिंग 4 नवंबर से प्रारंभ

**मंदसौर।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान प्रबंधक द्वारा बताया गया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर द्वारा पुरुषों हेतु नि: शुल्क 13 दिवसीय सी.सी.टी.वी. इंस्टालेशन एवं ठीक करना की ट्रेनिंग प्रारंभ।18 से 50 वर्ष वाले इच्छुक प्रत्याशी अपना रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द करवा लेवे जिससे उनका स्थान सुरक्षित हो जाए। प्रत्याशी अपने साथ दो फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी कार्ड, अंतिम मार्कशीट और बैंक खाते की डिटेल फोटो प्रति लेकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। प्रवेश संबंधित अधिक जानकारी के लिए सर्किट हाउस के पहले नई आबादी पुलिस थाने के पास ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी) में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।






# ट्रैक्टर रैली से हाईवे पर 4 किमी तक लगा जाम

**किसानों ने टेक्सटाइल फैक्ट्री का विरोध किया, कलेक्ट्रेट घेरा, ज्ञापन सौंपा**

**नीमच।** नीमच में किसानों ने मोरवन कस्बे में निर्माणाधीन टेक्सटाइल फैक्ट्री के विरोध में प्रदर्शन किया। सोमवार को निकाली गई उनकी ट्रैक्टर रैली को पुलिस और प्रशासन ने बायपास पर रोका, जिससे किसान और पुलिस आमने-सामने आ गए। दोपहर में बड़ी संख्या में किसानों ने ट्रैक्टर रैली के साथ नीमच की ओर कूच किया। पुलिस द्वारा बायपास पर रोके जाने के बाद गुस्साए किसान धरने पर बैठ गए, जिससे हाईवे पर चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

किसान कलेक्टर को ज्ञापन देने पर अड़े थे। काफी मशक्कत के बाद प्रशासन ने उन्हें जिला मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर ट्रैक्टर छोड़कर पैदल कलेक्ट्रेट तक जाने की अनुमति दी। किसानों का समूह पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचा और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) बीएल कलेश को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि मोरवन बांध से सैकड़ों गांवों के खेतों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है, साथ ही 50 गांवों में पेयजल की आपूर्ति भी होती है। उनका आरोप है कि फैक्ट्री को बांध का आधा पानी दिए जाने से जनजीवन के लिए गंभीर जल संकट पैदा होगा। इसके अलावा, फैक्ट्री से पानी और खेती के साथ-साथ बड़े पैमाने पर वायु प्रदूषण भी होगा, जिसे वे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

दूसरी ओर, प्रशासन के अधिकारियों ने किसानों से भ्रमित न होने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि फैक्ट्री के कारण किसी भी तरह का प्रदूषण नहीं होने दिया जाएगा और न ही जल संकट गहराएगा।



## द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर पर आयोजित अन्नकूट महोत्सव

**मन्दसौर।** श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर स्नेह नगर अभिनंदन क्षेत्र में रविवार की संध्या को महिला भक्त मित्र मंडल स्नेह नगर मंदिर समिति मंदसौर ने महाआरती एवं 7वें अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर लाभ लिया।

मंदिर में दोपहर में विशेष अभिषेक हुआ व शाम 8 बजे महाआरती व दीपावली मिलन समारोह व अन्नकूट का आयोजन हुआ। इस आयोजन में दूरदराज से भक्तगण अपने इस मंदिर पर भाव बनाकर आए व दान दिया। जिस पर दानदाताओं व प्रसादी ग्रहण करने आए भक्तों एवं ग्रुप के सदस्यों कार्यकर्ताओं का महिला भक्त मित्र मंडल स्नेह नगर मंदसौर का ससम्मान धन्यवाद कर आभार प्रकट किया।

## सड़कों पर गौधन का विश्राम : योजनाएं सराहनीय, अमल की ज़रूरत




**मंदसौर। नगर के प्रमुख नेहरू बस स्टैंड पर रात के समय लगभग 32 गाय-बछड़े खुले में विश्राम करते देखे गए। यह दृश्य एक ओर जहाँ नगर के गौ-प्रेम और आस्था का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन की लापरवाही की ओर भी स्पष्ट संकेत करता है।**

इसी तरह गांधी चौराहा, बस स्टैंड रोड, पशुपतिनाथ मंदिर के समीप नवनिर्मित पुल, नई आबादी क्षेत्र सहित कई स्थानों पर रात में गौवंश खुले में बैठे दिखाई देते हैं। इससे यातायात, स्वच्छता और नागरिक सुरक्षा—तीनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

मध्यप्रदेश शासन की 'गौशाला अनुदान योजना' के तहत पंजीकृत गौशालाओं को ?40 प्रतिदिन प्रति गौ सहायता दी जा रही है। साथ ही सरकार द्वारा प्रत्येक नगरपालिका क्षेत्र में आधुनिक गौशालाएँ स्थापित किए जाने की घोषणा भी की गई है। ये योजनाएँ निश्चित रूप से गौ-संरक्षण के प्रति सरकार की संवेदनशीलता दर्शाती हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर इनका असर मंदसौर में सीमित ही दिखाई दे रहा है।

हरित क्रांति पर्यावरण समूह के अध्यक्ष असअद अंसारी ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से आग्रह किया है कि नगर में गौशालाओं की संख्या बढ़ाई जाए, अस्थायी गौ-अभयारण्य बनाए जाएँ और स्थानीय समाजसेवियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सुझाव दिया कि जिन स्थानों पर गौमाता रात्रि विश्राम करती हैं, उन क्षेत्रों की विशेष सफ़ाई व्यवस्था की जाए। डस्टबिन की सफ़ाई दिन में दो बार कराना सुनिश्चित किया जाए ताकि गौमाता प्लास्टिक का सेवन न करें और उनकी असमय मृत्यु से बचाव हो सके।

गौमाता हमारी आस्था का प्रतीक हैं, सड़कों की स्थायी निवासी नहीं। यदि प्रशासन शीघ्र ठोस कदम उठाए, तो मंदसौर 'गौ-संरक्षण की मिसाल' बन सकता है।


## जहां मिली सवारी वहीं लगा दिए ब्रेक, हाइवे पर खड़े होने वाले वाहनों को हटाने की मांग

**नीमच।** शहर के सिटी फोरलेन और हाईवे से होकर निकले हाइवे पर खडी यात्री बसें व अन्य वाहन यातायात व्यवस्था में बाधा बनते जा रहे हैं। हालत यह है कि नगर के मुख्य तिराहे, चौराहे पर वाहन चालक मनमर्जी से कहीं भी वाहन रोककर सवारियां बैठाने और उतारने का कार्य करते हैं। इस वजह से हाइवे पर कई बार हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन फिर भी अनदेखी की जा रही है।

शहर में आड़े-तिरछे खड़े होने वाले वाहनों के कारण तिराहे व चौराहे पर अक्सर जाम लग जाता है। इससे राहगीरों के साथ आम लोगों और दुकानदारों को भी परेशानियां होती हैं। बस संचालक वाहनों को रोड पर खड़ा करके सवारियां बैठाते हैं। इससे प्रमुख सड़कों का दायरा भी सिकुड़ गया है। कई बार तो आधी सड़क घेरकर यात्री बसे आड़ी तिरछी खडी रहती है इस कारण सुबह से शाम तक जाम जैसे हालात बने रहते हैं। पुलिस प्रशासन के द्वारा यात्री स्टापेज के लिए पाइंट निर्धारित किए गए है लेकिन कई बार बसे निर्धारित स्थान की बजाए यात्री दिखते हुए ब्रेक लगा कर आवागमन को परेशनी से भरा बना देते है। शहर के नीमच सिटी मार्ग, फव्वारा चौक से सिटी फोरलेन, हाईवे मार्ग, महू नसीराबाद ग्वाल टोली क्षेत्र से कलेक्टोरेट चौराहा, प्राइवेट बस स्टेंड से लगे हाईवे मार्ग के किनारे अक्सर यात्री बसे मनमानी तरीके से खडी रहती है।

> **हाइवे पर यातायात व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए**
>
> वाहन चालकों का सफर सुगम हो इसके लिए हाइवे पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए, लेकिन हाइवे पर खड़े होने वाले ट्रक, डंपर, बस समेत वाहनों हादसों का कारण बन रहे हैं। इस वजह से कई बार घटना हो चुकी हैं, फिर जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सिटी फोरलेन मार्ग पर एवं मनासा रोड पर अवैध पार्किंग को हटाने के लिए की गई कसरत कुछ दिन बाद फीकी पड़ गई। जिम्मेदारों का ढर्रा देख चालकों ने मनमानी करनी शुरू कर दी है। यही वजह है कि संपर्क व प्रमुख मार्गों पर अवैध पार्किंग फिर से वजूद में आ चुकी है। वहीं स्थानीय रहवासियों ने हाइवे पर खड़े होने वाले वाहनों को हटवाए जाने की मांग की अफसरों से की है।

## कुलदेवी मां कमलादेवी की प्राण प्रतिष्ठा 10 को



**मन्दसौर।** विजयधाम, गोल, आसपुर परिसर में वैष्णव बैरागी समाज की कुलदेवी मां कमलादेवी के नवनिर्मित मंदिर का छः दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 5 से 10 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 5 नवंबर को यज्ञाचार्य पंडित नारायण शास्त्री (निर्मोही अखाड़ा उज्जैन) के आचार्यवर्त एवं सभी कुंडाचार्यों के निर्देशन में यज्ञ मान मंडल द्वारा हेमाद्रि स्नान, हेमाद्रि पूजन, प्राश्चित कर्म के साथ महा महोत्सव का शुभारंभ होगा 6 नवंबर को गंगाजल कलश यात्रा, मंडप प्रवेश सर्वतोंभद्र मंडल वेदी स्थापना एवम् देवी देवताओं के आमंत्रण विधान पूजन सम्पन्न होगे, 7 नवंबर से 108 कुंडिय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का प्रारंभ होगा। अरणी मंथन से अग्नि स्थापना, वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्वाहा यज्ञ एवं प्रतिमाओं के अधिवास आदि कार्यक्रम सम्पन्न किए जायेगे। 10 नवंबर को मां कमलादेवी की प्रतिमा, कीर्ति स्तंभ, स्वर्ण शिखर एवं ध्वजादंड, प्रतिष्ठा के साथ विराट धर्मसभा एवं भंडारे का आयोजन कर महा महोत्सव का समापन किया जाएगा। महा महोत्सव के मुख्य अतिथि जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामनरेश आचार्य और देश के प्रमुख महामंडलेश्वर ओर साधु संत रहेंगे।

श्री वैष्णव बैरागी कोर कमेटी मंदसौर के अध्यक्ष राधेश्याम जी बैरागी करजू,युवा जिलाध्यक्ष श्यामदास वैष्णव सरपंच रिंडा, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती आशा ओम बैरागी, जिला संरक्षक श्रीमती माधवी बैरागी, प्रतिभा सम्मान अध्यक्ष समरथ बैरागी पटवारी, मंदसौर तहसील अध्यक्ष दिनेश बैरागी रेल्वे, मल्हारगढ़ तहसील अध्यक्ष डॉ कृष्णा वैष्णव, दलौदा तहसील अध्यक्ष नागुदास वैष्णव, सीतामऊ तहसील अध्यक्ष रामकृष्ण वैष्णव आदि कोर कमेटी टीम मंदसौर ने वैष्णव समाजजनों से अनुरोध किया है कि मंदसौर जिले से अधिक से अधिक संख्या में वैष्णव बैरागी समाज जन सपरिवार इस ऐतिहासिक ओर भव्य आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

**एक नजर** | **जावद के मोरवन गांव में निर्माणाधीन रेयांस प्राइवेट लिमिटेड टैक्सटाइल फैक्ट्री का मामला**

# जावद में फैक्ट्री विवाद, किसान नेता-ठेकेदार में नोकझोंक

**नीमच। जिले के जावद के मोरवन गांव में निर्माणाधीन रेयान्स प्राइवेट लिमिटेड टेक्सटाइल फैक्ट्री को लेकर किसानों और प्रशासन के बीच चल रहा विवाद एक बार फिर गरमा गया है। रविवार को फैक्ट्री के ठेकेदार और किसानों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। इस पूरे विवाद का वीडियो सोमवार को सामने आया है, इसमें किसान नेता राजकुमार अहीर और पूरणमल अहीर ठेकेदार पर भड़कते हुए दिखाई दे रहे हैं।**

### किसान नेता और ठेकेदार में भिड़ंत

जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर फैक्ट्री से जुड़ा एक निजी ठेकेदार मोरवन बांध के पास चल रहे किसानों के धरना स्थल पर पहुंचा। उसने किसानों से कहा कि वे धरना समाप्त करें और फैक्ट्री निर्माण में सहयोग दें, क्योंकि सरकार ने जमीन आवंटित की है। इस बात पर किसान भड़क उठे और ठेकेदार से बहस शुरू हो गई। वायरल वीडियो में भाजपा और कांग्रेस दोनों से निष्कासित किसान नेता राजकुमार अहीर और पूर्व भाजपा नेता पूरणमल अहीर ठेकेदार पर भड़कते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### वीडियो में राजकुमार अहीर ने कहा-

यह गांव हमारा है, तेरे बाप का राज चल रहा क्या यहां! शासन का अधिकारी हमसे कागज मांगे, कोई प्राइवेट ठेकेदार नहीं।

### वहीं, पूरणमल अहीर ने सख्त लहजे में चेतावनी दी-

'तुम लोग पुलिस की आड़ लेकर किसानों को दबाने की कोशिश कर रहे हो, लेकिन मोरवन के किसान डरने वाले नहीं हैं। फैक्ट्री नहीं बनने देंगे।'



### ठेकेदार बोला- सरकार ने अधिकृत किया

इस पर ठेकेदार ने जवाब दिया कि उन्हें सरकार ने अधिकृत किया है और वे अपनी मर्जी से नहीं आए हैं।

### ग्रामीण बोले- चरागाह और खेल मैदान की जमीन दी

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस जमीन पर फैक्ट्री बन रही है, वह चरागाह और खेल मैदान के रूप में दर्ज है। उनका कहना है कि प्रशासन ने बिना जनसुनवाई और ग्राम सभा की सहमति के यह जमीन उद्योग को सौंप दी। ग्रामीणों का कहना है कि यह फैक्ट्री पर्यावरण, मोरवन बांध और आसपास की खेती पर बुरा असर डालेगी।

### उग्र आंदोलन करने की चेतावनी

किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि कंपनी या ठेकेदार किसानों को डराने की कोशिश करेंगे, तो विरोध और उग्र किया जाएगा। राजकुमार अहीर ने कहा कि अगर प्रशासन ने हमारी बात नहीं सुनी, तो आंदोलन नीमच से निकलकर भोपाल तक जाएगा।